पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनॉक 20–24 मार्च, 2021

आज दिनॉक 20 मार्च 2021 को सरदार वल्लभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के विकास निधि अन्तर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण द्वारा जैविक खेती के लिए किसानों को जैविक प्रतिनिधियों के उत्पादन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनॉक 20–24 मार्च, 2021 का शुभारम्भ डा0 एन0 एस0 राना, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डा0 राजवीर सिंह अधिष्ठाता पशुचिकित्सा महाविद्यालय, विभागध्यक्ष कीट विज्ञान द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर डा0 एन0एस0 राना ने बताया है कि कृषि विश्वविद्यालय में इन्टर पास छात्र एवं छात्राओं के प्रवेश हेतु फार्म भरे जा रहे है। किसान भाइयों को अपने बच्चों का प्रवेश विश्वविद्यालय में कराकर उच्च शिक्षा देनी चाहिए। अधिष्ठाता (पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान, महाविद्यालय) अपने संवोधन में किसानों प्रशिक्षण से लाभ उठाने व अन्य उपयागी जानकारी देने के साथ –साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता भी की । कार्यक्रम का संचालन डा0 डी0वी0 सिंह प्राध्यापक कीट विज्ञान द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे डा0 राजेन्द्र सिंह, आयोजक ने किसानों को विस्तृत जानकारी दी। जिसमें मेरठ आस–पास के गॉव जैसे सिवाया, पावली खास, कनोडा, अन्दावली, दशरथपुर, भराला, मटौर, वलीदपुर, सकौती, जलालपुर,एवं खनौदा आदि गॉव के 50 किसानों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम माननीय कुलपति डा0 आर0 के0 मित्तल, जी, के दिशा निर्देशन में चल रहा है। इस अवसर पर डा0 डी0 एन0 मिश्रा, डा0 गजे सिंह, डा0 डी0 वी0 सिंह, डा0 हेम सिंह, डा0 वी0पी0 ध्यानी, डा0 विवेक धामा, डा0 रश्मी इत्यादि मौजूद रहे। डा0 गजे सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस अवसर आयोजक डा0 राजेन्द्र सिंह व डा0 डी0 वी0 सिंह ने कुलपति जी द्वारा दिये गये मार्ग दर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया। डा0 डी0 एन0 मिश्रा ने माननीय कुलपति जी द्वारा दिये जा रहे दिशा निर्देशन व सहयोग की सराहना की।इस प्रशिक्षण के दौरान डा0 गजे सिंह द्वारा गन्ने के प्रमुख कीटों एवं उनके प्रबन्धन पर विस्तृत चर्चा की । डा0 डी0एन0 मिश्रा द्वारा किसानों को हानिकारक कीटों एवं उनके प्रबन्धन पर विस्तार से वताया एवं डा0 राजेन्द्र जैविक नियंत्रण में जैविक प्रतिनिधियों के उपयोग बारे में विस्तार से बताया।

सरदार वल्लभभाई पटेल
कृषि एवं प्रोद्यौगिक विश्वविद्यालय मेरठ, 250110 (उ० प्र०)
कौशल विकास योजनान्तर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली
द्वारा
जैविक खेती के लिए किसानों का कौशल विकास एवं जैविक प्रतिनिधियों के उत्पादन पर

सरदार वल्लभभाई पटेल
कृषि एवं प्रोद्यौगिक विश्वविद्यालय मेरठ, 250110 (उ० प्र०)
कौशल विकास योजनान्तर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली
द्वारा
के लिए किसानों का कौशल विकास एवं जैविक प्रतिनिधियों के उत्पादन पर
पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
(20 से 24 मार्च 2021)

Syrphid larva devours